<u>प्रेस-नोट</u>

- **26 से शुरू होगी सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी की पूरक परीक्षाएं**

भिवानी, 08 अक्तूबर, 2020 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी अक्तूबर-2020 की पूरक परीक्षा 26 व 27 अक्तूबर, 2020 को एवं डी.एल.एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष (फ्रैश/रि-अपीयर), सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की रि-अपीयर परीक्षाएं 28 अक्तूबर, 2020 से आरम्भ होंगी।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह एवं सचिव श्री राजीव प्रसाद, ह.प्र.से. ने आज यहाँ बताया कि सैकेण्डरी की पूरक परीक्षा (कम्पार्टमेंट/आंशिक अंक सुधार/अतिरिक्त विषय) 26 अक्तूबर को एवं सीनियर सैकेण्डरी पूरक परीक्षा (कम्पार्टमेंट/आंशिक अंक सुधार/अतिरिक्त विषय) 27 अक्तूबर, 2020 को आयोजित करवाई जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि डी.एल.एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष (फ्रैश/रि-अपीयर) एवं सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की रि-अपीयर परीक्षाएं 28 अक्तूबर, 2020 से प्रारम्भ करवाई जा रही है। इन सभी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) एक सप्ताह पूर्व बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध करवा दिए जाएगें।